large amount of satisfaction when he marks the impression on a particular symbol whether it is on double leaf, or on hand or on lotus or on anything else. That kind of satisfaction is not derived when a person presses the button in Electronic voting machine for casting his vote. Therefore, I would like to suggest that the system of Electronic Voting Machines may be withdrawn. By virtue of this bill, lakhs of NRIs who are residing outside India will be given their democratic right to cast their vote in India. Once again, I would like to say that I welcome this bill and I thank you again for granting me this opportunity. With these words, I conclude my speech.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Time for your party is two minutes, you can take three minutes...*(Interruptions)*... It is 50 per cent increase. ...*(Interruptions)*...

SHRI M.P. ACHUTHAN (Kerala): Thank you, Sir. Sir, I congratulate the Overseas Affairs Minister for bringing this Bill which is a long pending demand of NRIs. NRIs play very important role in the economic development of our country. But we are not able to do justice to the NRIs. They are completely excluded from the democratic process of our country. This Bill is a beginning of taking into account their aspirations. But, as being pointed out here, this Bill has got many limitations. Even though we are giving voting right to them, vast majority of them will not be able to exercise their right. It is not clear whether for the enrolment in the electoral roll their physical presence is necessary. Now their names are not in the ration cards or in the electoral roll or even in census. So, my suggestion is that we have to take an affidavit from their families and include their names in the electoral roll. If we do not insist on the physical presence to include their names in the electoral roll, then only we can give them a chance to vote. For voting they have to come to India. There is no provision to cast their vote outside India. The Government must explore the possibility of giving this facility. In many countries, they allow their citizens to cast their vote in the countries where they are residing. It will not be an easy thing especially in Gulf countries but the Government must explore the possibility and contact the Governments in Gulf countries to find out whether it is possible. Giving voting right is one of the demands of the NRIs. There are many other problems being faced by the NRIs. Especially after the economic recession lakhs of people are coming back to India. We are facing a very difficult economic situation. There is no provision for their rehabilitation. During the last NRI Conference, the Prime Minister announced that there would be some programme to rehabilitate the people who are coming back from foreign countries. ...*(Time-bell rings)*.. But unfortunately, not even one rupee has been earmarked in the last Budget. The Kerala Government is implementing a comprehensive programme for the rehabilitation for the people coming back from Gulf countries. ...*(Time-bell rings)*... They are being given pensions and taking all steps for their welfare. So, the Union Government must evolve some programme to help the NRIs for their welfare. For such a Ministry the allotment is just below Rs.100 crores. My suggestion is that it must be increased to at least Rs.1000 crore for creating an NRI Welfare Fund. The Government must take action for this by providing, at least, Rs.1000 crore, to the Ministry. Thank you.

SHRI BHARATKUMAR RAUT (Maharashtra): Thank you. Sir, I wish that I could support this Bill wholeheartedly. However, since I have some reservations, I would seek some clarifications from the hon. Minister. Sir, here he says that 'people who have not sought citizenship of any other nation'. I take it like this that those who are having dual citizenship - many countries are having dual citizenship — those people will not get the voting right. I think the Government must make it very clear, amply clear that those who have sought or taken citizenship of any other country, whether they have the dual citizenship of this nation or not, they should not be allowed to participate in the voting process. Sir, having said that, I wish to bring it to the notice of the Government, which the first speaker hon. Javadekar actually started, is that there are many people, Indians, living in India, who have been deprived of their voting rights or from registration of their names in the voters' list only because they do not stay permanently at their residence which they have indicated.

For example, Sir, construction workers are all over India. I come from Mumbai. Construction workers from Andhra Pradesh, from Bihar, from Punjab come to Mumbai. They are migrants and they do not have permanent address because they are not found at their residential address and they do not get ration cards from anywhere. So, they are deprived of their voting rights. What does Government do about them? There are many farm workers. I am not talking about the farmers. Those who do not have land holding have to travel from place to place for earning their livelihood. They are always deprived of their voting rights because their names do not come in any voter's list. What do we do about it? Thirdly, we have a large number of nomadic tribes. Nomadic tribes keep travelling from place to place with their tribes. What do we do about them? So, when we cannot do anything about Indians living in India, why are you so much bothered about Indians living outside India? First set them right. First bring them in order and then, start thinking about those who are outside. Another query which I would like to ask is, today we are giving them the right to vote. Tomorrow a demand will come, as hon. Member Shri Achuthan had suggested, that since they will not be able to come to India for voting, then voting can be done there. Sir, this is a dangerous suggestion. If we tell them that okay, you can work anywhere in the world then, why should Indians vote? If we accept that demand, Sir, more dangerous things would come. After a few years those non-resident Indians would come with a demand that they should be allowed to participate and contest elections. What do we do about them? Once we logically agree, once we in principle agree that they can vote, then, all those who have attained the age of 18 can vote and at the age of 25 they have a natural right to contest elections. What do we do about these voters? Sir, these are the issues. Sir, don't go only by emotions. Even my heart beats for them. But that does not mean that I get emotionally choked, emotionally governed and give them the voting rights. I think, the Government should think twice, thrice, take the nation into confidence and then go ahead with the Bill.

श्री रघुनन्दन शर्मा (मध्य प्रदेश): माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं लोक प्रतिनिधित्व (संशोधन) विधेयक, 2010 का समर्थन करता हूं, लेकिन इसमें जो कुछ कमियां रह गई हैं, उनकी तरफ आपका ध्यान आकर्षित करते हुए, मैं अपनी असहमतियां भी व्यक्त करना चाहता हूं।

महोदय, यह संशोधन विधेयक इससे पहले 2006 में यहां प्रस्तुत हुआ था। आपने इसको 27 फरवरी को सदन में प्रस्तुत किया था। इसमें कुछ शाब्दिक परिवर्तन करने के लिए आपने चार वर्ष लगा दिए। अब आप फिर से इस लोक प्रतिनिधित्व (संशोधन) विधेयक, 2010 को सदन में ला रहे हैं। इस सदन का सदस्य बनने के पश्चात् मैं कभी-कभी सोचता हूं, विचार करता हूं कि हमारे देश को सम्भालने की पद्धति क्या है, हम व्यवस्था के प्रति कितने जवाबदेह हैं, कितने उत्तरदायी हैं। पचास-साठ वर्ष बीत जाने के बाद भी हम अपने लोक महत्व के अधिनियम को परिपूर्ण नहीं बना पाए, हम इसको परिपक्व नहीं बना पाए। आज भी उसमें इस प्रकार की खामियां हैं, जिनके कारण हम निर्वाचक मतदाता सूची को ठीक से नहीं बना पाए, यह हमारी बहुत बड़ी कमी है। लोकतंत्र में निर्वाचक या मतदाता सूची की इतनी बड़ी खामी का होना, सचमुच एक चिंता का विषय हो सकता है।

महोदय, चार वर्षों का प्रयत्न करने के बाद, आपने जो संशोधन किया है, वह संशोधन का शब्द का है और वह है "समुचित सत्यापन करने के पश्चात्"। आपने पहले, 27 फरवरी, 2006 को तीन पंक्तियों का संशोधन किया था, अब चार वर्षों के बाद बाद, सारी खोज बीन करके, प्रयत्नपूर्वक अपनी सारी बुद्धि लगाने के बाद, सरकारी मशीनरी का उपयोग करने के बाद, आप केवल इतना ही खोज पाए कि "समुचित सत्यापन करने के पश्चात्", यह शब्द अंत:स्थापित किया जाए। आप एक शब्द के लिए चार वर्ष लगाते हैं। इस कानून में बहुत सारी खामियां हैं। इस देश में आज भी मतदाता सूची के बारे में प्रश्नचिह्न खड़े होते हैं। सचमुच भारतीय गणतंत्र के प्रारंभ के साथ इन साठ वर्षों में जो एक कानून बनना चाहिए था, वह कानून नहीं बना। इस पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए था। सर, इस विधेयक के बारे में जो संशोधन प्रस्तुत हुआ है, उसके दो भाग हैं। एक भाग तो यह है कि जो विदेश में गए हों, यहां से शिक्षा के लिए गए हों, व्यापार के लिए गए हों या अन्य किसी भी कारण से गए हों, यदि यहां उनका निवास है, उनकी संपत्ति है, और वे वहां पर काम कर रहे हैं, तो उनको मतदान का अधिकार दिया जाए, उनको निर्वाचक माना जाए, यह संशोधन है, लेकिन इसका दूसरा भाग भी है, और दूसरा भाग यह है कि जिन्होंने विदेशी नागरिकता स्वीकार नहीं की है, जो वहां निवास करते हैं, वहां जाने के बाद उनकी संतान हो गई है, संतान होने के पश्चात् वह संतान वहां की संतान मानी जाने लगी, लेकिन जब वे यहां आते हैं, तो चूंकि वे यहां पैदा नहीं हुए हैं, इसलिए उनको भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मतदाता सूची तो ठीक है, उनको शिक्षा और अन्य अनेक प्रकार के जो काम हैं, जो उद्यम करना चाहते हैं, वहां पैदा हुई संतान यहां आकर बहुत कठिनाइयों में पड़ जाती है। मैं आपका ध्यान इस ओर भी दिलाना चाहता हूं कि उनके बारे में भी विचार किया जाना चाहिए। मेरे एक बंधु ने कहा है कि आपने इसमें अनिवासी या प्रवासी भारतीय की परिभाषा कहीं नई दर्शाई है। वास्तव में, मैं सुझाव देना चाहता हूं कि यदि उसे, उसके पिता या पुरखे को मतदान का अधिकार रहा हो, तो उसको यहां पुन: मतदान का अधिकार प्राप्त होना चाहिए, लेकिन यदि उसके पिता, पुरखे या किसी अन्य को मतदान का अधिकार नहीं रहा हो, कोई निर्वाचक नहीं रहा हो, तो उसको यहां पर, किसी भी प्रकार से, चाहे संपत्ति उसके नाम खरीद ली गई हो, तो भी उसको मतदान का अधिकार नहीं मिलना चाहिए। मान्यवर, इसके अलावा भी अनेक ऐसे लोग हैं, जो देश में आ गए हैं। उन्होंने यहां सम्पत्ति खरीद ली है, राशन कार्ड बनवा लिए हैं, वे कई राजनैतिक लोगों के सहभागी बनकर यहां के निवासी बन गए हैं। यदि निवासी बनने के बाद वे जाते हैं, तो आपने इस संशोधन विधेयक में पासपोर्ट को आधार बनाया है कि जिसका पासपोर्ट बना हो, सर, हमरे यहां पर पासपोर्ट बड़ी सरलता से बन जाता है। पासपोर्ट बनाने का आधार क्या है? पासपोर्ट राशन कार्ड के आधार पर बनता है। वह यहां रहता है, तो बिजली का, टेलीफोन का बिल प्रस्तुत करे। यदि वह बिजली और टेलीफोन का

बिल बनवाकर राशन कार्ड प्रस्तुत कर दे तो उसका पासपोर्ट बन जाता है। यहां ऐसे अनेक लोग हैं, जो विदेश से आए हैं। वे विदेश से आकर अपना राशन कार्ड बनवा लेते हैं। वे अपना बिजली का बिल, टेलीफोन का बिल प्रस्तुत कर देते हैं और उस आधार पर पासपोर्ट बनवाकर चले जाते हैं। यदि वे फिर से यहां आते हैं तो मतदाता हो जाएंगे, उनका नाम निर्वाचक सूची में आ जाएगा। बांग्लादेश के हजारों लोग यहां पर हैं, जो यहां की मतदाता सूची में आ गए हैं। आपने उनके बारे में इस बिल में क्या प्रोविजन किया है? क्या व्यवस्था की है? वे यहां की राजसत्ता को परिवर्तित करने के अधिकारी हो गए हैं। वे इतने ताकतवर हो गए हैं कि जिसे चाहें उसे अपना जन प्रतिनिधि चुन सकते हैं। वे किसी भी विधान सभा में, किसी भी विधायिका में अपने प्रभावशाली लोगों को भेज सकते हैं, सत्ता को उलट-पुलट कर सकते हैं, सत्ता में भागीदार बन सकते हैं और सत्ता को प्रभावित कर सकते हैं।

महोदय, मैं यह कहना चाहता हूँ कि इसके अलावा भी इस लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम पर व्यापक विचार होना चाहिए था। व्यापक विचार करते समय यह भी विचार होना चाहिए कि जो विदेश में जाकर देश विरोधी गतिविधियों में सम्मिलित हो जाते हैं, हमारे देश के खिलाफ वहाँ षडयंत्र करते हैं, वे उस देश विरोधी मानसिकता को लेकर यहाँ आएँगे और यहाँ भी षडयंत्र करेंगे, लेकिन वे केवल इस आधार पर यहाँ आकर हमारे मतदाता बन जाएँगे, निर्वाचन बन जाएँगे, क्योंकि वे यहाँ से गए थे, उनकी सामान्य सम्पत्ति थी। वहाँ उनका चरित्र क्या रहा है, वहाँ पर उनका देश के प्रति व्यवहार क्या रहा है, उनकी गतिविधियाँ क्या रही हैं, इनके बारे में आपने कहीं कोई विचार नहीं किया है। मेरा आग्रह है कि इसके बारे में भी व्यापक विचार होना चाहिए और देशहित की भावना से उसमें इस प्रकार के प्रावधान किए जाने चाहिए कि कहीं वह राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में सम्मिलित तो नहीं रहा।

महोदय, मैं इसमें एक और बात कहना चाहता हूँ कि आजादी के इतने वर्षों के बाद भी अनेक लोग मतदान से वंचित हो जाते हैं। दबंग लोग, शक्तिशाली लोग उनको अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं करने देते। एक तरफ तो हम उन विदेशी अप्रवासी भारतीयों को मतदान का अधिकार दे रहे हैं, अच्छी बात है, देना चाहिए, वे इस देश के लिए कुछ कर रहे हैं, वहाँ से वे शिक्षा लेकर आ रहे हैं, वहाँ से धन लेकर आ रहे हैं, वहाँ से सम्पत्ति लेकर आ रहे हैं, वहाँ से तकनीक लेकर आ रहे हैं, उनको अधिकार मिलना चाहिए, लेकिन जो यहाँ हैं, जिनको यहीं जीना है, यहीं मरना है, उनके साथ केवल दुर्बलता लगी हुई है, उस दुर्बलता के कारण वे अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाते, उनके मताधिकार को रोक दिया जाता है। सामान्यतः हम देखते हैं कि बड़े-बड़े निर्वाचनों में भी 50 प्रतिशत से अधिक मतदान नहीं होता, 60 प्रतिशत से अधिक मतदान नहीं होता और 50 या 60 प्रतिशत मतदान होने के पश्चात् जो 40 या 50 प्रतिशत मतदाता वंचित रह जाते हैं, वे वंचित मतदाता उनका नाम होते हुए भी मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाते। उनके बारे में हमने क्या किया है? क्या हम अनिवार्य मतदान की व्यवस्था नहीं कर सकते या दबंगों से उनकी रक्षा का कोई प्रावधान नहीं कर सकते? आज भी कई लोग ऐसे होते हैं, जो अपनी ताकत के बल पर एक बार नहीं, बल्कि दो-दो, तीन-तीन बार वोट डाल कर आते हैं, जिस मताधिकार का प्रयोग उनका नहीं है, वे करते हैं, दुरुप्रयोग करते हैं। उनको रोकने के बारे में हमने क्या उपाय किए हैं? कोई उपाय नहीं! 60 वर्ष के बाद भी हम समुचित पद्धति का विकास नहीं कर पाए हैं।

मैं आपसे कहना चाहता हूँ कि ऐसी अनेक खामियाँ हैं, जिन खामियों को ठीक करने का प्रयत्न इस संशोधन विधेयक में होना चाहिए था। क्या हम बार-बार संशोधन विधेयक लाते रहेंगे? क्या हम 60 वर्षों के बाद भी लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम को परिपूर्णता नहीं दे पाएँगे? यदि इस प्रकार की खामियाँ हैं, तो मेरा ऐसा कहना है कि आप चार महीने और रुक जाते। जब आप चार वर्ष में केवल सत्यापन वाला शब्द खोज कर ला पाये हैं, तो दो-चार महीने और रुक कर राजनीतिक दलों के साथ चर्चा करते और राजनीतिक दलों के साथ चर्चा करने के पश्चात् लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम में मतदाता सूची कैसे अच्छी बनाई जा सकती है, इस पर सभी दलों के सुझाव लेने के बाद, यदि आप सर्वसम्मत, परिपूर्ण विधेयक लाते, तो शायद देश के हित में होता, लेकिन आपने ऐसा नहीं किया।

महोदय, भारत के अन्य भाग के लोग कश्मीर जाकर सम्पत्ति नहीं रखीद सकते। तर्क दिया जाता है कि वहाँ की संस्कृति में परिवर्तन हो जाएगा, हम वहाँ की मूल संस्कृति को प्रभावित कर देंगे, इसलिए वहाँ जाकर भारत का कोई व्यक्ति सम्पत्ति में भागीदार नहीं बन सकता। लेकिन कश्मीर का व्यक्ति यहाँ आ सकता है। अभी-अभी हम लोग गोवा गए थे। गोवा में कश्मीर के अनेक लोगों ने अपने पर्यटन के स्थान बना लिए, सम्पत्ति खरीद ली। क्या वहाँ की मूल संस्कृति प्रभावित नहीं हो रही है? क्या बड़ी संख्या में वहाँ जाकर वे लोग वर्चस्व स्थापित नहीं कर लेंगे, गोवा की मूल संस्कृति प्रभावित नहीं होगी? ऐसी बातों के ऊपर पर्याप्त विचार होना चाहिए था। मतदाता सूची या लोक प्रतिनिधित्व (संशोधन) विधेयक बनाते समय भी कहीं न कहीं इन सब बातों के ऊपर आप विचार करते और उसको पूर्णता प्रदान करने का प्रत्यन करते...(व्यवधान)...

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन): समाप्त हो गया न। धन्यवाद, शर्मा जी।

श्री रघुनन्दन शर्मा: सर, मैं यह कहना चाहता हूं कि जो निर्वाचक मताधिकार से वंचित हैं, उन्हें उनका अधिकार मिलना चाहिए, किन्तु यह कानून बार-बार संशोधित करना पड़े, इसके बजाए लोकतंत्र में विश्वास करने वाले राजनैतिक दलों के साथ व्यापक रूप से विचार-विमर्श होना चाहिए था, जो नहीं हुआ है। मैं पुनः आपको कहना चाहता हूं कि यदि आप दोबारा बैठ कर उसके बारे में विचार कर सकें और इस लोक प्रतिनिधित्व विधेयक में फिर से ऐसा कोई संशोधन ला सकें कि देश के समस्त नागरिक चाहे वे कमजोर हों या सबल, सभी मतदाता बन सकें, निर्वाचक बन सकें, अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकें, तो बहुत अच्छा रहेगा। मैं सोचता हूं कि यदि इन खामियों को दूर करते हुए हम विचार करेंगे तो इसमें परिपूर्णता आ जाएगी, व्यापकता आ जाएगी और सबके साथ हम न्याय कर सकेंगे। प्रवासी भारतीयों के बारे में आप यह बिल लाए हैं, इसका मैं समर्थन करता हूं।

श्री राजीव शुक्ल (महाराष्ट्र): सर, मैं सिर्फ एक मिनट में अपनी बात समाप्त करूंगा। मंत्री जी जो बिल लाए हैं...(व्यवधान)...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): I believe, you are aware that we also have to take next Bill. ...*(Interruptions)*...

SHRI RAJEEV SHUKLA: Sir, I will be very brief in making my observations.

सर, यह एक बहुत ऐतिहासिक बिल है। मेरे ख़याल से बहुत दिन से यह मांग चली आ रही थी, लेकिन मैं देख रहा हूं कि डिबेट में बड़ा कन्फ्यूज़न हो गया है। इसमें लोग नॉन-रैज़िडेंट इंडियंस, पीआईओ, ओसीआई, सबको मिलाकर समझ रहे हैं कि उनको कोई मताधिकार मिल रहा है, लेकिन ऐसी बात नहीं है। सर, जो इंडियन पासपोर्ट होल्डर्स हैं और बाहर रह रहे हैं, उनका नाम वोटर लिस्ट में लाने की बात कही गई है। मुझे लगता है कि यह एक बहुत अच्छा कदम है और बहुत दिन से इसकी मांग हो रही थी। सरकार के माध्यम से इस तरह का जो कदम उठाया जा रहा है, वह इस मंशा को जाहिर करता है कि ऐसे लोग, जो भारत के साथ जुड़े रहना चाहते हैं, विदेशों में रह करके भी जिनका दिल भारत में है और जो यहां के लोकतंत्र के साथ अपना जुड़ाव देखना चाहते हैं, उनको एक माध्यम मिल सके। उनके लिए यह एक बहुत अच्छी चीज़ है।

कुछ चर्चा बिहारी मज़दूरों के बारे में हुई थी कि दूसरी जगह उनको वोट का अधिकार नहीं है या जो बाहर नौकरी करने गए, उनको वहां पर अधिकार नहीं है, इसमें मैं यह कहना चाहूंगा कि वे तो देश के अंदर ही हैं इसलिए वोटर लिस्ट में रहने का अधिकार तो उनको है ही। वहां पर वोटर लिस्ट में उनका नाम नहीं होता है, इसलिए इसके माध्यम से उनको मतदान का अधिकार दिया जा रहा है। मैं तो मंत्री जी से यह निवेदन भी करूंगा कि इंडियन एम्बैसीज़ में ही वोटिंग की व्यवस्था कराई जाए, ताकि उनको वोट देने के लिए यहां पर न आना पड़े। अगर हो सके तो जिनको डूअल सिटिज़नशिप दी गई है, पीआईओ इत्यादि, उनका नाम भी आप इसमें कंसिडर कर सकें, तो अच्छा रहेगा। बहुत-बहुत धन्यवाद।

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन): धन्यवाद। Now Shri Ram Kripal Yadav. यादव जी, आपने डिस्कशन शुरू होने के बाद अपना नाम दिया, फिर भी मैं आपका नाम बुला रहा हूं और आपको बोलने का चांस दे रहा हूं, इसलिए आपको पांच मिनट के अंदर खत्म करना है।

SOME HON. MEMBERS: Excellent Hindi, Sir.

श्री राम कृपाल यादव (बिहार): सर, आपने मुझे बोलने का विशेष अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपको विशेष धन्यवाद देता हूं।

सर, मैं "लोक प्रतिनिधित्व (संशोधन) विधेयक, 2010" के समर्थन में खड़ा हुआ हूं। माननीय मंत्री जी ने यह एक बहुत स्वागत योग्य कदम उठाया है और मैं इसका स्वागत करता हूं। देश के बाहर लाखों लोग अपनी रोज़ी-रोटी, रोज़गार, शिक्षा और अन्य दूसरे कामों के लिए रह रहे हैं और बहुत व्यापक पैमाने पर रह रहे हैं। वे अपनी मेहनत से, अपनी बुद्धि से, अपने विवेक से धन ला कर देश की अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने का काम भी कर रहे हैं। उनको आपने मतदान का अधिकार देने का जो काम किया है, निश्चित तौर पर इसका मैं जितना भी स्वागत करूं, कम है।

सर, देश में जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया होगी, उसमें उनका बहुत महत्वपूर्ण योगदान होगा और राष्ट्र के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

महोदय, इसके साथ ही राष्ट्र की भावनाओं के प्रति उनका जुड़ाव भी रह पाएगा, इसलिए यह कदम बहुत ही स्वागतयोग्य है।

सर, देश के विभिन्न भागों से लाखों-लाख की संख्या में लोग बाहर रह रहे हैं। मैं बिहार प्रदेश से आता हूँ। वहाँ के लोग काफी तादाद में बाहर जाकर अपना रोज़ी-रोजगार कर रहे हैं। चूँकि बिहार एक पिछड़ा प्रदेश है, जहाँ बेरोजगारी है, गरीबी है और फटेहाली है, इसकी वजह से वहाँ के लोग अपने प्रदेश से बाहर देश के अदंर के विभिन्न इलाकों में रहते हैं और अपनी जीविका का उपार्जन करते हैं, वहीं बिहार से विदेशों में भी जाकर, खास तौर पर खाड़ी का जो इलाका है, वहाँ पर निवास करके वहाँ से अपनी कमाई लाकर, वहाँ की पूँजी यहाँ लाकर ये लोग अपने देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करने में अहम भूमिका अदा करते हैं। यह और बात है कि उनकी स्थिति को सुधारने के लिए अपने देश में कोई खास कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। सरकार को इस पर विचार करना चाहिए कि हमारे देश में रहने वाले, खासकर जो रोज़ी-रोजगार करने वाले लोग हैं, जो मेहनतकाश लोग हैं और जो मजदूर क्लास के लोग हैं, उनको अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए अपने देश में ही रोजगार मिल जाए। वे लोग तो मजबूरी में ही विदेश जाते हैं। उनके लिए सरकार को कुछ सोचना चाहिए। आजादी के 63-64 वर्षों बाद भी आज अगर किसी को मिट्टी काटने या अन्य छोटे-छोटे काम करने के लिए अपने परिवार को, अपने बाल-बच्चों को छोड़ कर विदेश जाना पड़ता है, तो वह वहाँ कितनी परेशानी में रहता होगा, इसके बारे में सोचने पर बड़ा ही हृदयविदारक सीन नजर आता है। दूसरे देशों में रहने वाले जो भारतीय लोग हैं, उनको निश्चित तौर पर आप मतदान का अधिकार तो दे रहे हैं, मगर अपने देश में बिहार-जैसे गरीब प्रदेशों में निवास करने वाले जो गरीब मजदूर हैं, उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए और उनको रोजगार के अवसर देने के बारे में भी आपको सोचने की आवश्यकता है, ताकि उनको मजबूरी में विदेश न जाना पड़े। यह एक महत्वपूर्ण मामला है।

सर, मुझे एक बात समझ में नही आई। उनको मतदान के जो अधिकार मिलेंगे, उस बात से मैं बिल्कुल सहमत हूँ। विदेश में रहने वाले जो भारतीय लोग हैं, उनको मतदान की प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अपने देश में आना होगा, तो मैं समझता हूँ कि इसमें एक छोटे-से आम आदमी या गरीब मजदूर के बहुत-सारे रुपए खर्च होंगे। मैं समझता हूँ कि आप उनको यह अधिकार दे तो रहे हैं, लेकिन यदि उनके लिए इसकी व्यवस्था वहाँ के दूतावासों में नहीं करेंगे, तो निश्चित तौर पर उनके साथ यह अन्याय होगा और आपकी यह मंशा साफ नहीं होगी। आप उनको मतदान करने की व्यवस्था वहीं करें। विदेशों में जो अपने दूतावास हैं, आप वहीं उनको

मतदान करने की व्यवस्था करें। कई माननीय सदस्यों ने इस बात को रखा है। अगर वहीं पर उनके लिए इसकी व्यवस्था कर दें, तो निश्चित तौर पर यह महत्वपूर्ण होगा। ...**(समय की घंटी)**... सर, मेरा एक मिनट बचा है। आपने मुझे पाँच मिनट बोलने कहा था।

उपसभाध्यक्ष **(प्रो. पी.जे. कुरियन)**: ठीक है, एक मिनट और बोल लीजिए।

श्री राम कृपाल यादव: यह बहुत महत्वपूर्ण होगा और उन पर यह एक बड़ा उपकार होगा। निश्चित तौर पर माननीय मंत्री जी की जो भावना है कि विदेशों में रहने वाले जो भारतीय लोग हैं, उनको मतदान में हक देना चाहते हैं, लेकिन अगर उनके लिए ऐसी व्यवस्था नहीं कीजिएगा तो यह अव्यवहारिक होगा। इसके लिए वह वहाँ से यहाँ आएगा ही नहीं। आगामी 2-3 महीने के दरम्यान हमारे बिहार में चुनाव होने जा रहे हैं। वहाँ के लोग हजारों-लाखों की तादाद में बाहर हैं। अगर उनको इसका मौका मिल जाता है, पता नहीं आने वाले दो-तीन महीने के अंदर इस कानून का क्या स्वरूप होगा, तो वे मतदान कर पाएँगे या नहीं, यह अलग बात है। अगर माननीय मंत्री जी उनके लिए यह व्यवस्था वहीं पर कर दें, तो यह उनके लिए एक बहुत बड़ा काम होगा। वे लोग बहुत गरीब हैं और इसके लिए यहाँ नहीं आ सकते। जो process है, जो प्रक्रिया है, उसमें वे लोग वहाँ पर छः महीने या साल भर अथवा दो साल या तीन साल के contract पर जाते हैं। उस contract को तोड़ कर वे वापस कैसे आ सकते हैं? इसलिए, इस पर भी इनको सोचना चाहिए।

उपसभाध्यक्ष **(प्रो. पी.जे. कुरियन)**: आपका समय पूरा हो गया। ...**(व्यवधान)**...

श्री राम कृपाल यादव: सर, मैं एक लाइन कह कर अपनी बात खत्म कर रहा हूँ।

उपसभाध्यक्ष **(प्रो. पी.जे. कुरियन)**: ठीक है, आप अपनी बात खत्म कीजिए। आपने बहुत अच्छा बोला।

श्री राम कृपाल यादव: सर, मैं मतदाता सूची के बारे में कह रहा था। उसके बारे में कई माननीय सदस्यों ने जो कहा, उसको मैं दोहराना नहीं चाहता। चूँकि वे यहाँ पर सशरीर उपस्थित नहीं हैं, तो मतदाता सूची में उनका नाम नहीं आएगा। उनका नाम मतदाता सूची में कैसे आएगा और किस तरह से वे मतदान में भाग ले सकेंगे, जब माननीय मंत्री जी जवाब दें तो इस बात को जरूर स्पष्ट करें।

इन्हीं चंद शब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करते हुए अपनी बात इस विश्वास के साथ समाप्त करता हूँ कि इसमें जो खामियाँ हैं, उनको दूर करेंगे, माननीय सदस्यों ने जो अपनी भावनाएँ मंत्री जी के समक्ष रखी हैं, ...**(समय की घंटी)**... उन पर जरूर विचार करेंगे और विदेशों में रह रहे उन गरीब लोगों को सही मायने में मतदान करने का अधिकार मिले, इसका प्रावधान जरूर करेंगे। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): The Minister of Overseas Indian Affairs wants to intervene.

THE MINISTER OF OVERSEAS INDIAN AFFAIRS (SHRI VAYALAR RAVI): Sir, I stand before the House to express the gratitude to millions of Overseas Indian workers and Overseas Indians living abroad. I accept their long-standing demand to enroll their names in the voters' list enabling them to vote, whenever it takes place.

THE MINISTER OF LAW AND JUSTICE (SHRI M. VEERAPPA MOILY): Mr. Vice-Chairman, Sir, the right to vote is one of the most sacrosanct civil rights. In fact, it has been said by all the hon. Members that the services which have been rendered by these NRIs are really outstanding. As our distinguished Member, Shri Javadekar, has said, the contribution that they render to the foreign exchange reserves of this country is phenomenal, particularly from Kerala, Tamil Nadu, Goa and many other States. But we don't allow them to directly participate in the democracy. This right has been denied to them and that is why everyone agrees that we should provide them

the right to vote. After all, they are the citizens of the country. In fact, the right to vote, as demanded by the citizens of India living abroad, is their legitimate right. We are not doing any charity to them. We are acknowledging today that they have a right to vote and they have a right to be citizens of India, and we are here to recognize that right. It is not the right which is conferred on them; it is the right which is inherent to them. This is the basic truth which we need to understand. In fact, the Bill came in 2006 before the Parliament. The Standing Committee gave its 16th Report on it. The Standing Committee gave certain suggestions. We have incorporated those suggestions and right to vote is to be given to them.

In fact, many wide-ranging suggestions have been given here on various amendments to the comprehensive electoral reforms. I can tell the House that we have already constituted a Committee to sort out the issues and we would like to bring a comprehensive electoral reform. Maybe in October or November we are going to have a National Consultation on Comprehensive Electoral Reforms. Many of the suggestions which have been reflected by the hon. Members today can definitely be incorporated, and I would rather invite many of you to the National Consultation which will be held for two days. Ultimately, we will come to a precise decision what needs to be done for our electoral reforms. This is one thing which I would like to say. At the same time, I do agree with Shri Javadekar*ji* when he said *...(Interruptions)...* Even those persons who have been included in the voters' list are deprived of their right to vote. When they go to cast their vote, they find that their names are not there. These are all the deficiencies. We need to address them. I do agree that there are certain rigidities when it comes to casting of votes by *Jawans* who are posted to border areas or far off areas. Even though provisions have been made, they are not being implemented. We need to make rules. The Government will definitely consult the Election Commission of India. Many of these issues can be tackled not by amendment to the Act or bringing in new provisions, but by making appropriate rules.

I do agree with our senior Member, Shri Shantaram Laxman Naik when he says that a number of letters are written by the Election Commission of India, and, those are being converted into rules or laws. Yes, we need to rationalize; we need to codify many things. Ultimately, in case of any authority, discretion many a time may amplify everything, and, that may create rigidity. We need to address that. In the process of national consultation, we will definitely address all those things. If there are many pages of rules, many pages of instructions, ultimately, they will create more confusion instead of really clarifying the things. We would definitely address this issue. At this time, after we have undergone this kind of a great democratic ritual, namely, the elections, we need to address those problems. I can assure the House that we will definitely address those problems.

As far as NRIs are concerned, I would like to say that it is very clearly defined in the first page of the Bill itself that every citizen of India, (a) whose name is not included in the electoral

roll, and, (b) who has not acquired citizenship of any other country, shall be entitled to have his name registered. There is no question of addressing the dual citizenship. If he has acquired the citizenship of any other country, he will not be entitled. The Bill is very clear about this. It is a very simple piece of legislation of one and a half page, which is confined only to NRIs only. We will definitely address other issues, which have been raised by you, but not now.

As far as 'voting right' and the 'right to contest' are concerned, you have to distinguish them. The present proposal is only to confer voting rights on the citizens of India who are not citizens of any other country, to get themselves enrolled and cast their votes in their relevant constituency as per the place shown in their passports. The Bill does not deal with the right to contest at all, for which other relevant laws would apply. So, we are not addressing that issue. It is not one and the same. It is distinguished very clearly. We will address other issues later but not here.

Another question, which I would like to address, is with regard to the migrant workers. It is an important issue. They also find their names missing. It is not only related to persons or citizens residing outside India, it is also related to the migrant labourers, farm labourers or the construction workers. Yes, we can provide rules for them. We will properly verify before deletion. The other day, we have brought in an amendment, which provides for that. The Deputy Commissioner or the District Magistrate have been conferred the right to inquire into the deletion, exclusion or the addition of names. So, we have already passed a law and the law is already in force.

As far as ordinary resident is concerned, to supplement the other things, which I have said, we already have the General Principles of Voter Registration. It has been very clearly mentioned there under the meaning of "ordinarily resident". It says, "A person is said to be ordinarily resident in a place if he uses that place for sleeping. He need not be eating in that place and may be eating from a place outside". Lot of details have been given. It also says, "Temporary periods of absence from this ordinary place of stay can be ignored. It is not necessary that the period of stay should be continuous for any particular length of time and should be without any break." Further, it says, "it is purely a question of fact whether a person is ordinarily resident at a particular place or not. Mere absence for some time will not deprive a person of the qualification of ordinary residence". So, it is very clear.

I know very well the situation on the ground. When the enumerator goes to a place, he may not find that person. That person may be absent at that time, but he may be coming back in the evening. I have found that in these situations, it is ordinary practice that their names are not included. This happens but we need to address these problems. We will definitely address it.

I think, I have addressed many of the points that were raised. It is a simple Bill.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Yes, you have covered most of the points. I think, you have covered all the points. Thank you very much. Okay. The question is:

That the Bill further to amend the Representation of the People Act, 1950, be taken into consideration.

The motion was adopted.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Now, we shall take up clause-by-clause consideration of the Bill.

Clauses 2 to 5 were added to the Bill.

Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

SHRI M. VEERAPPA MOILY: Sir, I beg to move:

That the Bill be passed.

The question was put and the motion was adopted.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): We shall now take up the Prevention of Torture Bill, 2010. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI BRINDA KARAT (West Bengal): Sir, we want to know about the clarifications on the statement which had been made by the Home Minister. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): We shall now take up the Prevention of Torture Bill. After that, it will be taken up. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI BRINDA KARAT: Sir, first we want the clarifications to be taken up. ...*(Interruptions)*... Sir, the Home Minister is here. Please take up the clarifications first. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): We will take it up. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI BRINDA KARAT: No, you take up the clarifications first. ...*(Interruptions)*... Sir, please... ...*(Interruptions)*... This we cannot accept, Sir. ...*(Interruptions)*... Please take up the clarifications today, Sir. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Brindaiji, you please read the List of Business. It is given there that the clarifications will be taken up before the House rises for the day. ...*(Interruptions)*... Now, therefore, I have to take up the Prevention of Torture Bill. After that, we will take up the clarifications. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI BRINDA KARAT: No, Sir. ...*(Interruptions)*... No, Sir. ...*(Interruptions)*... Clarifications should be taken up first. ...*(Interruptions)*...

SHRI S.S. AHLUWALIA (Jharkhand): Take up the Salary Bill. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI BRINDA KARAT: First the clarifications... ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): We can take it up. ...*(Interruptions)*... We will take it up. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI BRINDA KARAT: Sir, take the clarifications first. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): I tell you, we will do that. ...*(Interruptions)*... We will do that. ...*(Interruptions)*... Listen... ...*(Interruptions)*...

SHRI D. RAJA (Tamil Nadu): Sir, take the sense of the House. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): I tell you... ...*(Interruptions)*... Let him move the Bill. ...*(Interruptions)*...

SHRI S.S. AHLUWALIA: Let him only move. ...*(Interruptions)*... We will not take up further discussion today. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): That is what I am saying. Let him introduce. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI BRINDA KARAT: Sir, first take up the clarifications. ...*(Interruptions)*...

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI P. CHIDAMBARAM): I am giving the clarifications today. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Let him move it. ...*(Interruptions)*... We will decide it. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI BRINDA KARAT: Give the clarifications before the Torture starts. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Brindaji, we have to decide.. ...*(Interruptions)*...

SHRIMATI BRINDA KARAT: Sir, take up the clarifications before... ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Please... ...*(Interruptions)*...

The Prevention of Torture Bill, 2010

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI P. CHIDAMBARAM): Sir, I beg to move:

That the Bill to provide punishment for torture inflicted by public servants or any person inflicting torture with the consent or acquiescence of any public servant, and for matters connected therewith or incidental thereto, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration.

The question was proposed.

SHRIMATI BRINDA KARAT (West Bengal): Sir, I have moved the motion here... ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): No, no... ...*(Interruptions)*... What do you want to say? ...*(Interruptions)*...

SHRI S.S. AHLUWALIA (Jharkhand): Sir, we will not discuss it today. We need some time to discuss this in our Party meeting. He has moved it, but we will take it up tomorrow. ...*(Interruptions)*...